# कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान किया, भाजपा ने सम्मान दिया : मेघवाल

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ना कभी संविधान का सम्मान किया ना कभी बाबा साहेब का सम्मान किया है और भारतीय जनता पार्टी ने संविधान और बाबा साहब को सम्मान दिया है। कांग्रेस हमेशा से ही संविधान की विरोधी रही है। अब तक अनेक बार संविधान में संशोधन किया है। बाबा साहेब भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान हमारा गौरव है।

भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी का आयोजन शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी की अध्यक्षता में रखा है। जिसमें मुख्य वक्ता केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मुख्य अथिति किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, एस. सी. मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व संविधान दिवस कार्यक्रम संभाग संयोजक कैलाश मेघवाल उपस्थित रहे।




भाजपा बीकानेर की संविधान गौरव अभियान पर आयोजित संगोष्ठी को केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर अम्बेडकर के सामने व्यक्ति उतार कर उन्हें चुनाव हराने का दुष्कृत किया। जबकि जनसंघ व भाजपा ने सदैव बार-बार उनका मान बढ़ाया। कांग्रेस कहती है कि बाबा साहेब को हम राज्यसभा में लाए किन्तु हकीकत में एम.जी. रंगा के प्रयासों से ही बाबा साहेब निर्दलीय जीतकर राज्यसभा में पहुंचे। कांग्रेस ने तो उनका अपमान किया। 1953 के चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब को हरा दिया। दस वर्ष तक रही मनमोहन सिंह सरकार में भी उनके स्मारक को बड़ा बनाने की बात चलती रही परंतु किसी ने भी उसे पर ध्यान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद करीब 200 करोड़ रूपए की लागत से 26 अलीपुर रोड पर बाबा साहेब का विशाल स्मारक बनाया गया। मध्य प्रदेश के महू में बाबा साहेब की जन्मभूमि, लंदन में डॉक्टर अम्बेडकर मेमोरियल- उनकी शिक्षा भूमि, नागपुर में दीक्षा भूमि, मुंबई में चैत्य भूमि और यहां दिल्ली में इस नेशनल मेमोरियल सभी भाजपा सरकार ने बनाकर बाबा साहेब को सम्मान दिया है। मेघवाल ने कहा नेहरू, इंदिरा ने स्वयं भारत रत्न ले लिया राजीव गांधी को मरणोपरांत दिलवा दिया। वीपी सिंह के समय गठबंधन की सरकार थी तब अटल बिहारी वाजपेयी और आडवाणी के समर्थन से बाबा साहेब को भारत रत्न दिया गया।

किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने कहा संविधान भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है और यह हर नागरिक के अधिकारों और दायित्वों का आधार भी है। भाजपा और भाजपा समर्थित सरकारों ने संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान के लिए हमेशा प्राथमिकता से कार्य किया है। कांग्रेस ने अभी बाबा साहेब का सम्मान नहीं किया और बार- बार संविधान में बदलाव किया। वहीं आज संविधान की रक्षा की दुहाई दे रहे हैं।

कैलाश मेघवाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा

- **भाजपा बीकानेर की संविधान गौरव अभियान पर संगोष्ठी आयोजित**

संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद करने के साथ ही संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब और पिछड़ी जाति को हमेशा सम्मान दिया और आज देश के कानून मंत्री के रूप में बीकानेर सासंद अर्जुनराम मेघवाल को ये मौका दिया। ये भी सम्मान का विषय है, हम सब इसके लिए प्रधानमंत्री के आभारी है।

देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने वंचित समाज को न्याय दिलाने का काम किया है। इसी कारण कल्याणकारी योजनाओं के जरिये सभी के चेहरे पर बीजेपी मुस्कान ला रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने संविधान संशोधन सदैव दुरुपयोग करने के लिए किया है। 1975 में इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के लिए संविधान का दुरूपयोग कर इमरजेंसी लगाया था।

संगोष्ठी के बाद भाजपा कार्यालय से अम्बेडकर भवन तक केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ पैदल मार्च कर बाबा साहेब अमर रहे नारे लगाकर बाबा साहेब को याद किया। महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**बीकानेर,** (कासं)। प्रेमिका के पति को धारदार हथियारों से मारने के आरोपी युवक को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

रिडमलसर निवासी विक्रम उर्फ सदासुख को आजीवन कारावास के साथ ही साठ हजार रूपए आर्थिक दंड देना होगा। सजा अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 7 की पीठासीन अधिकारी रेणु सिंघला की अदालत ने सुनाई है। मामला ये है कि परिवादी जगाराम ने 19 मई 2019 को जेएनवीसी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसका छोटा भाई छिनुराम निवासी जामसर के दाउदसर गांव का हैं, जो मोहम्मद सलीम सोढा के खेत वाके नैणों का बास सच्चा सौदा डेरा के पास रिडमलसर में चौकीदारी व देखभाल करता था।

वह खेत में बनी ढाणी में पत्नी राधा व बच्चों के साथ रहता था। राधा का पीहर गांव रिडमलसर में ही है। राधा के पीहर के पास ही आरोपी का मकान था। आरोपी एवं राधा के आपस में अनैतिक संबंध भी थे। जिसके बारे में छिनुराम व उसके परिवारजनों व राधा के पिता ने भी विक्रम और राधा को समझाया कि यह गलत काम छोड दे और विक्रम को भी ढाणी में आने से मना किया। वे दोनों नहीं माने और धमकी दी कि उन्हें रोकने की हिम्मत की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। परिवादी व मगाराम दोनों रिडमलसर होते हुए छिनुराम के खेत में गए। तब खेत के पास देखा कि आरोपी खेत से निकलकर भाग रहा था। उसके हाथ में गुप्तीनुमा हथियार था। तब वे दोडकर ढाणी में गए तो वहां छिनुराम खून से लथपथ था और उसके गले में जगह- जगह चोटें थी। संभाला जब तक वह मर चुका था।

## सार-समाचार

### विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया



विधायक जेठानंद व्यास ने दीप प्रज्जवलित कर पीएमश्री रा. सादुल उ. मा. वि. के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** कासं)। पीएमश्री सादुल उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव गुरूवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का अध्ययन राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए होना चाहिए। विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ अन्य गतिविधियों और खेलकूद में भी आगे रहना चाहिए। उन्होंने माता-पिता के साथ गुरूजनों का आज्ञाकारी बनने का आव्हान किया। विधायक व्यास ने अभिभावकों और एसडीएमसी के सदस्यों की उपस्थिति में श्रेष्ठ विद्यार्थियों, दानदाताओं एवं सहयोगी शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए बच्चे बगैर किसी दबाव के तैयारी करें तथा अच्छे अंक हासिल करें। प्रधानाचार्य यशपाल पंवार ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन रखते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर रूप से शैक्षिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों मे आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुभाष जोशी ने किया। सांस्कृतिक प्रभारी हिमानी शर्मा और ममता पालीवाल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में एसडीएमसी के सदस्य बृजमोहन आचार्य और अशोक जोशी मौजूद थे। इस दौरान महेन्द्र मोहता, रतनलाल पंवार, गणेश खत्री, गिरिराज दाधीच, पवन मित्तल, खुर्शीद उस्ता, सदीक अहमद आदि मौजूद थे।

### सुभाष जयंती पर पथ संचलन



आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक गंगाशहर में सुभाष जयंती पर पथ संचलन निकाला।

**बीकानेर,** (कासं)। आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक गंगाशहर एवं आदर्श विद्या मन्दिर किशमिदेशर भीनासर, बीकानेर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 23 जनवरी को प्रात: 11 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं नगर के लोगों, समिति अध्यक्ष मेघराज बोथरा, रामलाल प्रजापत, हेमन्त कांतेला, व्यवस्थापक शंकरलाल डूडी, रामसुख लाल, प्रधानाचार्य नवल किशोर सैनी, मधुबाला, अनुसुईया, अमिता, सुनीता डागा एवं विद्यालय के सभी आचार्य भैया व बहिन की उपस्थिति रही। समिति अधिकारियों ने हरि झंडी दिखाकर पथ संचलन का शुभांरभ किया। पथ संचलन में सभी नन्हे मुन्हें भैया-बहिनों ने आचार्य महाप्रज्ञ चौक से मुरली मनोहर मन्दिर पथ संचलन, घोष दल के साथ किया। इसमें कुल 735 भैया-बहिनों ने भाग लिया। पथ संचलन महाप्रज्ञ चौक से प्रारंभ होकर जैन मंदिर, मुख्य बाजार, बाबा रामदेव रोड, भाटी गली, कुम्हारों का बास, पानी स्टैण्ड़ चौराहा, सरस बूथ डेयरी, सामुदायिक भवन, मालू धोरा, खत्री भवन, चित्रा आईस फैक्टी, भीनासर नाले के पास, मुरली मनोहर मंदिर तक समापन हुआ।

### सर्वर डाउन से नहीं भरे परीक्षा फार्म

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का सर्ववर डाउन होने से कई दिनों से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म नहीं भरे जा रहे है। ई मित्र पर घंटों इंतजार करने के बावजूद परीक्षा फार्म नहीं भरने के छात्रों में काफी निराशा है। रामपुरिया कॉलेज, महारानी सुदर्शन महाविद्यालय सहित विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बताया कि 8 से 17 जनवरी 2025 तक बिना देरी शुल्क के परीक्षा के आवेदन की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन सर्वर डाउन होने से आवेदन पूर्ति नहीं किए जा सके। अब 18 से 24 जनवरी तक 100 रूपए देरी शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन की तिथि निर्धारित की है। लेकिन विश्वविद्यालय का सर्ववर डाउन होने से आवेदन पूर्ति नहीं किए जा रहे है। कई परीक्षाओं के आवेदन 31 जनवरी तक 100 अतिरिक्त शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे। इनमें बी.ए. बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.बी.ए., बी.एफ.ए., बी.सी.ए., बी.ए. ऑनर्स, इतिहास व भूगोल शास्त्र, एम.ए., एम.कॉम, एम.सी. व अन्य कोर्स के नियमित, स्वयंपाठी व एक्स विद्यार्थी शामिल है। छात्रों ने बताया कि परीक्षा शुल्क भी अधिक कर दिया है। न्यूनतम 900 रूपए से अधिकतम 1600 रूपए व बकाया पेपर के 650 निर्धारित किया है।

### डूंगर कॉलेज में रोजगार मेला आज

**बीकानेर,** (कासं)। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के निर्देशानुसार राजकीय डूंगर महाविद्यालय में शुक्रवार को रोजगार मेले आयोजन किया जायेगा। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार पुरोहित, रोजगार कार्यालय के उप निदेशक हरगोविंद मित्तल व प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रो. देवेश खंडेलवाल ने गुरूवार को आयोजित बैठक में भाग लिया।

## पंजीकृत विवाह स्थल संचालकों को नोटिस का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम बीकानेर की ओर से विवाह स्थल का पंजीयन-उप विधियां 2010 के नाम से पंजीकृत विवाह स्थलों के संचालकों को नोटिस भेजकर परेशान किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर औद्योगिक क्षेत्र व शहर के अनेक अवैध रूप से संचालित अपंजीकृत विवाह स्थलों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

निगम आवेदन के बाद भी 2017 के बाद किसी विवाह स्थल का पंजीयन नहीं कर रहा है। अनेक विवाह स्थलों के पंजीयन के लिए आवेदन 8 वर्षो से पेंडिंग पड़े हैं। विवाह स्थलों के संचालकों ने बताया कि नगर निगम के पूर्व महापौर भवानी शंकर शर्मा ने विवाह, सगाई व मांगलिक और अन्य पारिवारिक व सामाजिक कार्यों के लिए संचालित भवनों का किराया 4 रूपए मीटर 2014 में तय किया था, जिससे बढ़ाकर 20 रूपए प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया।

- **नगर निगम के ठेकेदार के प्रतिनिधि भवन मालिकों के पास जाकर 2000 रूपए वसूल रहे हैं**

नगर निगम में 7 फरवरी 2014 को महापौर स्व. भवानी शंकर शर्मा ने बीकानेर के विवाह स्थलों भवन मालिकों क एसोसिएशन द्वारा दिए गए ज्ञापन में विचार विमर्श कर दिया गया। भवन की नवीनीकरण की राशि पांच हजार रूपए, सी. क्लास के लिए 4 रूपए प्रति वर्ग मीटर विवाह स्थल उपभोग एवं उपयोग शुल्क प्रतिवर्ष देय तय किया। स्वच्छता शुल्क ए श्रेणी के लिए 750 रूपये प्रति समारोह, बी श्रेणी के लिए 500 रूपए प्रति समारोह सी श्रेणी के लिए 300 रूपए प्रति समारोह तय किया था। जिसे भी बढ़ाकर 2000 रूपए कर दिया है। नगर निगम के ठेकेदार के प्रतिनिधि भवन मालिकों के पास जाकर 2000-2000 रूपए की राशि वसूल रहे है। जमा राशि की भी प्रमाणित प्रिंटेड रसीद नहीं दे रहे हैं।

भवन मालिकों ने बताया कि कोरोना काल में 2020-2022 के सत्र में अनेक भवन बंद रहे। कार्मिकों व सफाई आदि के खर्चे लगे। करोना काल में हुए भवनों के रखरखाव की घाटापूर्ति तीन वर्षों के बाद भी नहीं हुई है। उधर नगर निगम की नोटिसों की मार ने उन्हें परेशान कर रखा है। निगम भवन मालिकों व संचालकों के साथ असमानता पूर्ण व्यवहार कर रहा है। चंद भवन संचालकों को ही नोटिस दिए है।

## 44 ग्राम स्मैक सहित दबोचा

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस ने नशे के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए सभी थानों को कार्रवाई के लिए टारगेट दे दिए गए हैं। नोखा और पांचू में अलग-अलग कार्रवाई को अंजाम दिया है। नोखा में एक साथ दो कार्रवाई की गई। पांचू में भी नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ की गई।

बीकानेर एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से नशे के खिलाफ सख्त अभियान चल रहा है। पहली कार्रवाई नोखा में हुई जहां एक कार से 22.16 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई नोखा में ही 21.3 ग्राम स्मैक एक और युवक से बरामद की गई। ऐसे में दो तीन जनों को गिरफ्तार करके उनसे करीब 44 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने पहलेस्वरूप ब्राह्मण उम्र 23 साल, निवासी उगमपुरा और विशाल उपाध्याय उम्र बीस साल निवासी उगमपुरा को गिरफ्तार किया है। दूसरी कार्रवाई में मालचंद ब्राह्मण उम्र 43 साल को हरिराम मंदिर से गिरफ्तार किया।

## पत्नी मायके गई, पति ने फांसी लगाई

**सूरतगढ़,** (कासं)। पत्नी मायके गई हुई थी। पति ने खुद को कमरे में बंद करने के बाद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। अगले दिन सुबह जब उसका भाई चाय लेकर पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो गेट तोड़ा गया। अंदर देखा तो युवक फंदे से लटका मिला।

घटना सूरतगढ़ के अमरपुरा जाटान गांव में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सामने आई। मृतक युवक की पहचान अरमान (29) के रूप में हुई है। मृतक के भाई दीपक मिरासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मृतक अरमान में अपने भाई के घर में ही अलग कमरे में रहता था। पत्नी दिहाड़ी मजदूरी कर घर चलाती है। दर्ज करवाई गई मर्ग में भाई दीपक मिरासी ने बताया है कि उसके भाई अरमान की पत्नी मायके गई हुई थी।

रात को वह अपने कमरे में खाना खाकर अंदर से कुंडी बंद कर सो गया।

- **पत्नी दिहाड़ी मजदूरी कर घर चलाती थी**

गुरूवार सुबह उसने अपने भाई अरमान को चाय पीने के लिए के लिए उठाया तो उसने कमरा नहीं खोला। बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी कोई हरकत नहीं होने पर दरवाजे को तोड़ना पड़ा और अंदर देखा तो उसका भाई अरमान चुन्नी का फंदा लगाकर गार्डर से लटका हुआ था। इस पर उसने घटना की जानकारी पूर्व सरपंच मुखराम खिलेरी, सलीम मिरासी, ओमप्रकाश सुथार और रामसिंह को दी। उन्होंने भी मौके पर पहुंचकर पुलिस को समूचे घटनाक्रम से अवगत करवाया। सदर सीआई रामकुमार लेघा ने बताया कि आत्महत्या की जानकारी मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे और मुआयना कर शव को फंदे से उतारवाया।

## दोपहर में गर्मी, रात में सर्दी बरकरार

**बीकानेर,** (कासं)। अब दिन में गर्मी पड़ने लगी है, वहीं रात में सर्दी बरकरार है। हालांकि दोपहर में लगने वाली गर्मी का डेरा अभी स्थायी रूप से नहीं है। आने वाले दिनों में सुबह व दोपहर का तापमान भी कम हो सकता है। सर्दी फिर लौटकर आ सकती है। बीकानेर संभाग में बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने दी थी, जो अब तक सही साबित नहीं हुई।

पिछले चौबीस घंटे में जिले में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अर्से बाद ये तापमान बीकानेर में रहा, जिससे दोपहर में लोगों को गर्म कपड़े उतारने पड़े। सर्दी के चलते जो लोग सुबह जैकेट, स्वेटर और टोपी पहनकर निकले थे, उन्हें दोपहर में ये सब उतारने पड़े। हालांकि हॉफ स्वेटर जैसी सर्दी दोपहर में भी रही। न्यूनतम तापमान गिरकर अब 9.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। ऐसे में रात में भी सर्दी से कुछ राहत मिली है। बुधवार रात दस बजे बाद तापमान हवा की गति बढ़ने के कारण सर्दी तेज हुई। मौसम विभाग ने पिछले दिनों बीकानेर संभाग के बीकानेर और चूरू में बारिश होने की चेतावनी दी थी लेकिन दोनों ही जिलों में बारिश नहीं हुई। मौसम बदलने से अब करौली, भरतपुर, जयपुर सहित पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश का दौर शुरू हो गया है।

- **तेज हवा चलने से रात को सर्दी बढ़ी**

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवतियां घायल

**बीकानेर,** (कासं)। रानीबाजार पुल से चौपड़ा कटला की ओर जाने वाली रोड पर ट्रक की टक्कर से स्कूटी पर सवार तीन युवतियां घायल हो गई। वहां से गुजर रहे शहर विधायक जेठानंद व्यास ने तीनों युवतियों को अपनी गाड़ी में ले जाकर पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया।

देर रात को स्कूटी पर सवार तीन युवतियां रानीबाजार पुल से चौपड़ा कटला की ओर जा रही थी। इस दौरान एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी टक्कर लगने से तीनों युवतियां घायल हो गई। इस दौरान शहर विधायक जेठानंद व्यास और कर्मचारी नेता भंवर पुरोहित वहां से गुजर रहे थे। विधायक व्यास तीनों घायल युवतियों को अपनी गाड़ी में पीबीएम अस्पताल ले गए।

## सीवर लाइन के गड्ढों से ट्रेफिक जाम होने से लोग परेशान

**बीकानेर,** (कासं)। अमृत-2 के तहत डाली जा रही सीवर लाइन इतनी बेतरतीब है कि शहर की सड़कों को छलनी कर दिया है। हालत ये हैं कि जहां मानसून से पहले खुदाई कर सीवरेज डाली गई थी। वहीं अब वापस गड्ढे खोद दिए हैं। अम्बेडकर सर्किल के तो इतने बुरे हाल हैं कि एक साइड रोड ही चलने को बची है। इस वजह से रानी बाजार से लेकर मेडिकल कॉलेज चौराहे को जाने वाली रोड पर जाम ही रहता है।

दरअसल अमृत योजना-2 के तहत शहर में नई सीवरेज लाइन बिछाने, पुरानी की मरम्मत, सफाई आदि का काम जोरों पर है। इसके तहत बीते मानसून से पहले ही कीर्ति स्तंभ से लेकर जूनागढ़ तक कई जगह गड्ढे खोदे गए थे। करीब 3 से 6 महीने में गड्ढे सही हुए। मुश्किल से अक्टूबर में पैचवर्क हुआ जिससे सड़क सही हुई। तीन महीने नहीं बीते कि उसी फर्म ने वापस इस सड़क को पांच जगह, खोद डाला। खोदने के साथ सड़क को इतना घेर रखा है कि ट्रैफिक निकलने में दिक्कत हो रही है। जूनागढ़ के ठीक सामने लम्बा चौड़ा गड्ढा खोदकर उसे घेरा हुआ है। नगर निगम के गेट के सामने ही एक गड्ढा खोद दिया। तर्क दिया गया कि नई सीवर लाइन का चैम्बर बनायेंगे।

- **सीवर की वजह से अम्बेडकर सर्किल जाने वाली रोड महीने भर से बंद**

सवाल ये है कि ये काम जब पहले खुदाई हुई थी तब क्यों नहीं किया गया। वैसे भी शहर में सड़कों के बुरे हाल हैं। ऊपर से अब वापस नए सिरे से सड़कों को खोदा जा रहा है। अम्बेडकर सर्किल से मेडिकल कॉलेज जाने वाली दाई साइड की रोड तो महीने भर से बंद है। एक साइड की संकरी रोड पर पूरा ट्रैफिक लोड आने से रोज जाम लगा रहा है। रानीबाजार अंडरपास से निकलते ही सीवरेज का काम होने से अब दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। हैवी ट्रैफिक का कोई विकल्प भी प्रशासन नहीं तलाश पा रहा है।

## चकगर्बी में बसी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। सर्व कामगार सेवा संघ ने प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में पूगल रोड के समीप बसी चकगर्बी की डेढ दर्जन से अधिक कॉलोनियों के नागरिकों ने मूलभूत सुविधाओं व पट्टों के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को सैकड़ों निवासियों ने ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित ने कॉलोनी वासियों की आवाज बनकर केन्द्रीय मंत्री को बताया कि इन कॉलोनियों में लगभग बीस वर्षों से यहां निवास कर रहे है। निवासियों को मूलभूत सुविधाएं, चकगर्बी की जमीन को सरकारी भूमि मानते हुए कानून सम्मत पट्टे जारी करवाये एवं मास्टर प्लान 2024 पर दर्ज आपत्ति को सही मानते हुए संशोधन करवाया जाये तथा कॉलोनाइजर, गिरदावर, पटवारी इस भूमि का बेचान करने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्यवाही की जाये। आर ए एस लेवल की कमेटी बनाकर इस पूरे प्रकरण की जांच करवाई जाये।



चकगर्बी में बसी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के लिए केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भंवर पुरोहित ने ज्ञापन सौंपा।

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संघ आश्वासन दिया की आपकी राज्य स्तर पर बात रखी जायेगी और अतिशीघ्र चकगर्बी निवासियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जिससे दो दशकों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इस


- **मेघवाल ने आश्वासन दिया की अतिशीघ्र चकगर्बी निवासियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा**

मौके पर त्रिलोकाराम भाखर, भरत सिंह, शंकर कूकणा, गोपीचंद प्रजापत, राजेन्द्र कुमार सैन, पूनमाराम ज्याणी, रामकिशन कूंकणा, बंशीराम भाट, भादरराम भाट, दीपाराम भाट, पंछीराम, दूलाराम, भंवरलाल जाट, विनोद रामावत, गणेश रामावत सहित संघ के जिला महामंत्री लक्ष्मण कुमावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवकिशन साध, प्रदेश महामंत्री आर. एस. हर्ष, उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश स्वामी, सुभाष पुरोहित, कैलाश सारस्वत मौजूद थे।

## ग्रामीण परिवेश में भी बेटियों को पढ़ाने पर जोर दिया

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गोद लिए गांव पेमासर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भाषण, वाद-विवाद और नृत्य प्रतियोगिता, कविता लेखन समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कृषि महाविद्यालय बीकानेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पेमासर गांव के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों में स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी. के. यादव ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर अपना विचार रखते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर जागरूक किया।




पेमासर गांव में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को डॉ. पी. के. यादव ने संबोधित किया।

पेमासर गांव के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक छात्र कल्याण डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने महिला सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण परिवेश में भी बेटियों को पढ़ाने और उनका सुनहरा भविष्य बनाने पर जोर दिया। कृषि महाविद्यालय बीकानेर के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चंद्रप्रकाश मीना ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों तक जागरूकता फैलाने को लेकर प्रोत्साहित किया।